[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, सोमवार, 13 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 256, प्रधान संपादक: पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

{अनमोल वचन}

अपने आप को खुश करने का सबसे अच्छा तरीका है, किसी और को खुश करने की कोशिश करना।

क्या हमारी पेरेंटिंग भी बच्चों ... 02

03 गौरवशाली विरासत को ...

# मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान: सचिवालय कर्मचारियों को पदोन्नति में दो वर्ष की छूट, 149 नए पदों को मंजूरी

## कर्मचारी हित में कई ऐतिहासिक फैसले, कहा- सक्षम और संतुष्ट कर्मचारी ही सुशासन की सबसे मजबूत नींव

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com








**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है, जब कर्मचारी व्यवस्था सक्षम, प्रेरित और संतुष्ट हो। इसी सोच के अनुरूप राज्य सरकार ने कर्मचारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पदोन्नति प्रक्रिया को सरल बनाने और सचिवालय की प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी एवं सचिवालय कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 के लिए पदोन्नति हेतु आवश्यक अनुभव में दो वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया है। इस फैसले से हजारों कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिलेगा और लंबे समय से लंबित उनकी अपेक्षाएं पूरी होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय प्रदेश की 8 करोड़ जनता की आशाओं और अपेक्षाओं का केंद्र है। प्रत्येक फाइल के पीछे किसी नागरिक की उम्मीद, किसान का विश्वास, युवा का भविष्य और परिवार की अपेक्षाएं जुड़ी होती हैं। इसलिए कर्मचारियों की कार्यकुशलता और सुशासन दोनों को मजबूत करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों को विकसित राजस्थान-2047 का सारथी बताते हुए नई तकनीक, ई-गवर्नेंस और पेपरलेस कार्यप्रणाली को अपनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कर्मचारियों के हित में कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए हैं। इनमें ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करना, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संबंधी प्रावधानों में सुधार, 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर अतिरिक्त पेंशन भत्ता, कर्मचारी की मृत्यु पर बढ़ी हुई पारिवारिक पेंशन तथा आरजीएचएस के तहत माता-पिता या सास-ससुर में से किसी एक को शामिल करने का विकल्प प्रदान करना शामिल है। महिला कर्मचारियों के हित में भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सचिवालय की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए 15 सहायक शासन सचिव, 67 सहायक अनुभाग अधिकारी और 67 लिपिक ग्रेड प्रथम सहित कुल 149 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। इससे प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे और विभागीय पदोन्नति का मार्ग सुगम बनेगा। कार्यक्रम में राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा ने कर्मचारी हित में लिए गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कजोड़मल मीणा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी समारोह में उपस्थित रहे।

# खबर संक्षेप

## अंतरजिला चोर गिरोह का पदार्फाश, 8 वारदातों का खुलासा

**नांदेड़ @ पदमावत मीडिया।** नायगांव पुलिस और स्थानीय अपराध शाखा ने संयुक्त कार्रवाई में अंतरजिला चोर गिरोह का



पदार्फाश करते हुए मुख्य आरोपी और एक बाल अपचारी को पकड़ा है। पुलिस ने उनके कब्जे से 4.58 लाख रुपये मूल्य का चोरी का माल, तीन मोटरसाइकिलें और नकदी बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने नायगांव, कुंटूर, मुदखेड, पालम, परभणी, जालना और मुंबई में आठ चोरी व नकबजनी की वारदातें करना स्वीकार किया। मामले में चार अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## घाटकोपर मलजल शोधन परियोजना में तेजी लाने के निर्देश

**मुंबई @ पदमावत मीडिया।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अतिरिक्त नगर आयुक्त (परियोजना) अभिजीत बांगर ने घाटकोपर



स्थित मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) और पंपिंग स्टेशन उन्नयन परियोजना का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त मानव संसाधन लगाकर निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा मार्च 2027 तक एसटीपी और दिसंबर 2026 तक पंपिंग स्टेशन का कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। अधिकारियों के अनुसार परियोजना पूरी होने के बाद समुद्री जल की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा घाटकोपर, मानखुर्द, गोवंडी और चेंबूर क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

## महाकाल की सवारी मार्ग का संयुक्त निरीक्षण, 20 जुलाई तक तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**उज्जैन @ पदमावत मीडिया।** श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली भगवान श्री



महाकालेश्वर की पारंपरिक सवारी को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से सवारी मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सुरक्षा, यातायात, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य, जर्जर भवन, लटकते बिजली के तार, खुली नालियां, मधुमक्खियों के छत्ते और बंदरों से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। सभी संबंधित विभागों को 20 जुलाई तक आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।

## 45 किलो डोडाचूरा के साथ दो साल से फरार तस्कर गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़ @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत बिजयपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 45.390 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा के साथ दो साल से फरार तस्कर कमलेश कुमार जाट को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बलेनो कार भी जब्त कर ली। नाकाबंदी के दौरान आरोपी वाहन छोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। आरोपी एनडीपीएस एक्ट के एक पुराने मामले में भी फरार चल रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अधार्पुर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 7 .82 लाख रुपये का प्रतिबंधित गुटखा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

## गोपनीय सूचना पर स्विफ्ट डिजायर कार पकड़ी, गुटखा, पान मसाला और सुगंधित तंबाकू सहित वाहन जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नांदेड़।** जिले में प्रतिबंधित गुटखा और तंबाकू उत्पादों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अधार्पुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 लाख 82 हजार 40 रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला, सुगंधित तंबाकू और परिवहन में प्रयुक्त कार जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. नीलाभ रोहन के निर्देशन में अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अधार्पुर थाना पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि स्विफ्ट डिजायर कार (एमएच-29-बीसी-2692) से हिंगोली से नांदेड़ की ओर प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला और सुगंधित तंबाकू की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस



टीम ने चोरंबा फाटा, अधार्पुर में नाकाबंदी कर वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से बड़ी मात्रा में महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला और सुगंधित तंबाकू बरामद हुआ।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सकलेन मुश्ताक देशमुख (26) निवासी पेंशनपुरा, हिंगोली तथा आरिफ शेख नदीम शेख (27) निवासी मस्तानशाह नगर, हिंगोली को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 82 हजार 40 रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला और सुगंधित तंबाकू तथा 5 लाख रुपये मूल्य की स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की गई। इस प्रकार कुल 7 लाख 82 हजार 40 रुपये का माल जब्त किया गया। इस संबंध में अधार्पुर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक कांबले कर रहे हैं। पुलिस अवैध गुटखा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

नांदेड़ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि प्रतिबंधित गुटखा एवं तंबाकू उत्पादों के अवैध भंडारण, बिक्री अथवा परिवहन की जानकारी मिलने पर तुरंत निकटतम पुलिस थाने या पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना दें। ऐसे अवैध कारोबार के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# समान नागरिक संहिता पर आज होगी विशेष जनसुनवाई, जनप्रतिनिधियों व विशेषज्ञों से लिए जाएंगे सुझाव

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** राजस्थान में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी)-2026 के प्रारूप को लेकर आज जिला मुख्यालय पर विशेष जनसुनवाई आयोजित होगी। राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बसंत सिंह छाबड़ा की अध्यक्षता में गठित समिति विभिन्न वर्गों के जनप्रतिनिधियों, विशेषज्ञों एवं संगठनों से सुझाव प्राप्त करेगी।

अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि जनसुनवाई दोपहर 12 बजे जिला कलक्टर कार्यालय स्थित डीओआईटी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में निर्धारित समयानुसार आयोजित होगी। इसमें विवाह, विवाह विच्छेद (तलाक), भरण-पोषण, उत्तराधिकार तथा लिव-इन रिलेशनशिप जैसे विषयों पर सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में सांसद, विधायक, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि, विधि एवं सामाजिक विज्ञान के विशेषज्ञ, शिक्षाविद, सामाजिक संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन आयोग से मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने सुझाव एवं विचार समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। डॉ. सापेला ने बताया कि 14 जुलाई को दोपहर 2 बजे से आमजन के लिए अलग से जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने सुझाव देने की अपील की है, ताकि जनभागीदारी पर आधारित प्रभावी एवं समावेशी समान नागरिक संहिता के निर्माण में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# पेट्रोल पंप पर डकैती की साजिश नाकाम, पांच बदमाश गिरफ्तार



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल/शाजापुर ।** मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले में मक्सी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप पर डकैती की साजिश को विफल कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पूर्व में लूटा गया करीब 4.50 लाख रुपये मूल्य का सोना-चांदी, डकैती की तैयारी में प्रयुक्त कार, गैस कटर एवं अन्य सामान सहित कुल लगभग 16.50 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में कार्रवाई के दौरान मक्सी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एबी रोड बायपास स्थित ब्रिज के नीचे कुछ बदमाश पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।

पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे और गिलोल से पत्थर फेंककर पुलिस दल पर हमला कर दिया। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी ने स्क्रू-ड्राइवर से आरक्षक चन्द्रशेखर जाट पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बावजूद पुलिस टीम ने साहस का परिचय देते हुए पांचों आरोपियों को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने 20 जून को हुई लूट की वारदात में शामिल होना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर सिरोलिया के जंगल से करीब 4.50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए। इसके अलावा डकैती की तैयारी में इस्तेमाल होने वाला गैस कटर, अन्य उपकरण और कार भी जब्त की गई।

पुलिस आरोपियों से अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्तता के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि संगठित अपराध, लूट और डकैती जैसी वारदातों में शामिल अपराधियों के खिलाफ प्रदेशभर में सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# हफ्ता वसूली के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल




**उज्जैन @ पदमावत मीडिया।** महिदपुर थाना पुलिस ने हफ्ता वसूली और मारपीट के मामले में फरार आरोपी अब्दुल खालिद (35) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने एक व्यक्ति से क्षेत्र में रहने के एवज में प्रति सप्ताह एक हजार रुपये की अवैध वसूली की मांग की थी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) करणदीप सिंह एवं एसडीओपी महिदपुर के निर्देशन में की गई।


## आज 9 ग्राम पंचायतों में लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**नागौर @ पदमावत मीडिया।** जनकल्याण अभियान के तहत सोमवार, 13 जुलाई को जिले की 9 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर नागौर, मूंडवा, जायल, मेड़ता, डेगाना और रियांबड़ी पंचायत समितियों की चयनित ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे।

# कुसाधुओं के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर एफआईआर क्यों?

## निष्पक्ष जांच और कानून के दुरुपयोग पर सख्ती की मांग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मुंबई।** कथित कुसाधुओं के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों पर दर्ज हो रही एफआईआर को लेकर कल्याणी मित्र हार्दिक हुंडिया ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साधु वेश की आड़ में धर्म की मयार्दा के विपरीत कार्य करता है और कोई नागरिक समाज को उसके बारे में जागरूक करता है, तो ऐसे व्यक्ति की बात को दबाने के बजाय उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में कथित कुसाधुओं के समर्थक सत्य उजागर करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर उन्हें डराने और उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रहे हैं।

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि समाज को गुमराह करने वाले लोगों के विरुद्ध बोलना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है। यदि साधु वेश में कोई व्यक्ति कथित रूप से अनुचित गतिविधियों में लिप्त है, तो उस विषय को समाज के सामने लाना धार्मिक मयार्दा की रक्षा का प्रयास है, न कि किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करना।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के बयान को आधार बनाकर धार्मिक भावनाएं आहत होने का मामला दर्ज किया जाता है, तो पुलिस को सबसे पहले यह जांच करनी चाहिए कि बयान किन परिस्थितियों में दिया गया, उसके पीछे क्या तथ्य हैं और शिकायत वास्तविक है या किसी व्यक्तिगत दुर्भावना अथवा दबाव का परिणाम। उन्होंने मांग की कि शिकायतकर्ता की भूमिका और मंशा की भी निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

हार्दिक हुंडिया ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति धर्म के नाम पर कथित गलत गतिविधियों का समर्थन करता है या सत्य सामने लाने वालों को कानूनी कार्रवाई के जरिए प्रताड़ित करने का प्रयास करता है, तो ऐसे मामलों में भी कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि धार्मिक भावनाओं से जुड़े कानूनी प्रावधानों का कथित दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध भी सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि कानून का उपयोग न्याय के लिए हो, किसी की आवाज दबाने के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि समाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून का समान रूप से पालन ही धार्मिक संस्थाओं की गरिमा तथा जनता के विश्वास को मजबूत बनाए रख सकता है।

# खबर संक्षेप

## लेह एयरपोर्ट का एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**लेह @ पदमावत मीडिया।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की एंटी-नारकोटिक्स टास्क




फोर्स (एएनटीएफ) ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए लेह एयरपोर्ट पर कार्यरत एक एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर को हेरोइन जैसी प्रतिबंधित मादक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एएनटीएफ के अनुसार 12 जुलाई को ट्रक यूनियन क्षेत्र में नियमित गश्त के दौरान हिमाचल प्रदेश नंबर की एक ऑल्टो के-10 कार (एचपी-29ए-8299) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन सवार अजय ठाकुर (22) निवासी मकराना, जोगिंदर नगर, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) के कब्जे से हेरोइन जैसी मादक सामग्री की छोटी मात्रा बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एफआईआर संख्या 07/2026 दर्ज की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लेह एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। एएनटीएफ ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद मादक पदार्थ का स्रोत क्या था तथा इसका उपयोग व्यक्तिगत उपभोग के लिए था या किसी बड़े नेटवर्क से इसका संबंध है।

एएनटीएफ ने दोहराया कि नशे के खिलाफ लद्दाख में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा और मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सात माह पुरानी सोने की चेन चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** पारसोला थाना पुलिस ने सात माह पुराने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए मध्यप्रदेश के मंदसौर निवासी राहुल कुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से



करीब 35 ग्राम वजनी सोने की चेन बरामद की गई। पुलिस के अनुसार फर्नीचर कार्य के दौरान मकान से चेन चोरी हुई थी। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

## पत्रकारिता विभाग की शोधार्थी ऐश्वर्या माथुर को पीएचडी की उपाधि

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के पत्रकारिता विभाग की शोधार्थी ऐश्वर्या माथुर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने ह्यूमन-वाइल्डलाइफ कॉन्फ्लिक्ट : राजस्थान के क्षेत्रीय समाचार चैनलों की भूमिका विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोधकार्य डॉ. अदिति पारीक के निर्देशन तथा डॉ. शिप्रा माथुर के सह-निर्देशन में संपन्न हुआ। शोध में राजस्थान के क्षेत्रीय समाचार चैनलों द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष से जुड़े विषयों के प्रस्तुतीकरण, जनजागरूकता और मीडिया की भूमिका का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। ऐश्वर्या माथुर, अशोक दत्त माथुर एवं वीणा माथुर की पुत्री तथा गौरव माथुर की पत्नी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, गुरुजनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



## वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**नागौर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2025 रविवार को जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई। प्रथम पारी में सामान्य ज्ञान विषय में 5,849 में से 3,721 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि द्वितीय पारी में सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में 3,695 अभ्यर्थी शामिल हुए। दोनों पारियों में 63 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज की गई।

# क्या हमारी पेरेंटिंग भी बच्चों के साथ बड़ी हो रही है?

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मोनिका चौहान**
(शिक्षाविद्, सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक – रेवांन्थम, करियर काउंसलर, पब्लिक स्पीकर, पर्सनालिटी एवं लाइफ स्किल डेवलपमेंट कोच)

*बच्चों को सिर्फ बड़ा करना नहीं, उनके साथ खुद भी सीखना और बदलना होगा*

प्रिय अभिभावकगण,
एक बात मैंने पिछले कुछ वर्षों में बार-बार महसूस की है।

बच्चे आज भी सवाल पूछते हैं, लेकिन उनके सवाल पहले जैसे नहीं रहे।

पहले वे पूछते थे, ये क्या है? या ऐसा क्यों होता है?

आज वे पूछते हैं, ऐसा क्यों करना चाहिए?, अगर मेरी राय अलग हो तो? और कभी-कभी, क्या आपने भी मेरी उम्र में ऐसा ही किया था? पहली नजर में ये सामान्य सवाल लगते हैं, लेकिन इन्हीं सवालों में आज की पेरेंटिंग का एक नया अध्याय छिपा है।

### बच्चे बड़े हो रहे हैं... लेकिन क्या हमारी पेरेंटिंग भी उनके साथ बड़ी हो रही है?

कुछ समय पहले एक अभिभावक अपने बेटे को लेकर मेरे पास आए। उनकी चिंता थी कि बच्चा पहले की तरह खुलकर बात नहीं करता। बातचीत के दौरान धीरे-धीरे एक बात सामने आई। बच्चे को लगता था कि वह जो भी कहेगा, उसकी तुलना किसी और से कर दी जाएगी या उसे तुरंत समझाया जाएगा। इसलिए उसने बोलना ही कम कर दिया।

उस बातचीत ने मुझे पेरेंटिंग का एक और पाठ सिखाया।

बच्चे हमेशा इसलिए चुप नहीं होते कि उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं होता। कई बार वे इसलिए चुप हो जाते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्हें पूरा सुना नहीं जाएगा। बच्चे बदल गए हैं, इसलिए परवरिश का तरीका भी बदल्ना स्वाभाविक है।

आज की पीढ़ी जानकारी की कमी से नहीं, बल्कि विकल्पों की अधिकता के बीच बड़ी हो रही है। गूगल उन्हें उत्तर दे देता है, सोशल मीडिया उन्हें राय दे देता है, लेकिन जीवन के कठिन सवालों का जवाब आज भी किसी सर्च इंजन के पास नहीं है। वहाँ उन्हें माता-पिता की जरूरत होती है।

शायद इसलिए आज बच्चों को सबसे ज्यादा ऐसे माता-पिता चाहिए, जो हर बात का उत्तर देने से पहले उनकी बात पूरी सुन सकें। हम रोज पूछते हैं, होमवर्क पूरा हुआ?, नंबर कितने आए?, फोन कितना चलाया? लेकिन कितनी बार पूछते हैं, आज तुम्हारे मन में क्या चल रहा है? या क्या कोई ऐसी बात है, जिसे तुम कहना चाहते थे लेकिन कह नहीं पाए? इन सवालों का कोई रिपोर्ट कार्ड नहीं होता, लेकिन यही सवाल रिश्तों को मजबूत बनाते हैं।

### एक और बदलाव हमें स्वयं में भी लाना होगा।

हर बार बच्चों को सुधारने की जल्दी करने के बजाय कभी-कभी उनके नजरिए को भी समझने की कोशिश कीजिए। हर असहमति बदतमीजी नहीं होती और हर सवाल चुनौती नहीं होता। कई बार वह केवल जुड़ने का एक तरीका होता है।

जब हम अपनी गलती स्वीकार करते हैं, बच्चे विनम्रता सीखते हैं। जब हम बिना टोके उनकी बात सुनते हैं, वे विश्वास करना सीखते हैं। और जब हम यह स्वीकार करते हैं कि हर पीढ़ी की चुनौतियाँ अलग होती हैं, तब हमारे और बच्चों के बीच संवाद का एक नया पुल बनता है।

अंत में आपका ध्यान बस इस एक बात की ओर दिलाना चाहूंगी-

बच्चों को बड़ा करना समय का काम है, लेकिन उनके साथ बड़ा होना एक निर्णय है।

हमें केवल उन्हें बदलने की कोशिश नहीं करनी, बल्कि समय-समय पर अपनी सोच, अपने शब्द और अपने व्यवहार को भी परखते रहना है।

क्योंकि अच्छी पेरेंटिंग वह नहीं, जहाँ बच्चे हमेशा हमारी बात मानें,

अच्छी पेरेंटिंग वह है, जहाँ बच्चे बड़े होते-होते हमें भी एक बेहतर इंसान बना जाएँ। बच्चों को सिर्फ पालिए मत, उनके साथ थोड़ा-थोड़ा खुद भी बड़े होते रहिए।

# जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से शुरू हुई नियमित उड़ानें, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रथम यात्री को किया रवाना







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जोधपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित किए गए जोधपुर एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल भवन से रविवार को नियमित विमान सेवाओं का संचालन शुरू हो गया। संचालन के पहले दिन केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रथम यात्री चंद्रवीर सिंह को टिकट और स्वागत किट प्रदान कर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

नए टर्मिनल के शुभारंभ पर प्रथम उड़ान से आने वाले यात्रियों का पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया। लंगा-मांगणियार कलाकारों की लोक प्रस्तुतियों, बैंड-बाजे, पुष्पगुच्छ और आत्मीय अभिनंदन से टर्मिनल परिसर उत्सवमय नजर आया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री ने यात्रियों के साथ केक भी काटा। मीडिया से बातचीत में गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि जोधपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और नए टर्मिनल के निर्माण के लिए पिछले 12 वर्षों से लगातार प्रयास किए जा रहे थे। कई चुनौतियों के बावजूद यह परियोजना अब पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पित टर्मिनल से 12 जुलाई से नियमित उड़ानों का संचालन शुरू होना जोधपुर और पूरे मारवाड़ क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि नए टर्मिनल के शुरू होने से यात्रियों को आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी, वहीं जोधपुर की समृद्ध संस्कृति और आतिथ्य का अनुभव भी होगा। यह टर्मिनल शहर की नई पहचान और विकास यात्रा का प्रतीक बनेगा।

शेखावत ने बताया कि वर्ष 2014 की तुलना में जोधपुर एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या और विमान परिचालन में लगभग दस गुना वृद्धि हुई है। वर्तमान में जोधपुर का देश के अधिकांश प्रमुख शहरों से हवाई संपर्क स्थापित हो चुका है और पर्यटन सीजन में इसकी कनेक्टिविटी और अधिक विस्तृत हो जाती है।

उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन के साथ-साथ रेल और सड़क अवसंरचना में भी जोधपुर ने उल्लेखनीय प्रगति की है। नई रेल सेवाएं, फोरलेन सड़कें, एलिवेटेड रोड और बाईपास जैसी परियोजनाओं से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है, जिससे आमजन और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

इस अवसर पर शहर विधायक अतुल भंसाली, राजेन्द्र पालीवाल, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित रहे।

# प्रतापनगर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 45 .420 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा से भरी कार जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रतापनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 45.420 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा से भरी एक कार जब्त की है। पुलिस ने मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त वाहन को भी कब्जे में लेकर फरार तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा तथा वृत्ताधिकारी (नगर पूर्व) छवि शर्मा के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी पूरण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। 12 जुलाई को एनटीएफ से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने





घेराबंदी कर एक स्विफ्ट कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में रखे तीन प्लास्टिक कट्टों से कुल 45.420 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर मादक पदार्थ और परिवहन में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले में एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। उदयपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के कारोबार और तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# अमराई संस्था ने राजस्थान स्तरीय लघुकथा प्रतियोगिता की घोषणा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** साहित्य, संगीत और कलाओं के संवर्धन के लिए कार्यरत संस्था अमराई ने राजस्थान के साहित्यकारों के लिए राज्य स्तरीय लघुकथा प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की है। प्रतियोगिता का उद्देश्य वरिष्ठ एवं नवोदित रचनाकारों को सृजन का मंच उपलब्ध कराना तथा साहित्यिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। संस्था के अध्यक्ष साकार श्रीवास्तव ने बताया कि अमराई निरंतर साहित्य, संगीत और कला के क्षेत्र में सक्रिय रचनाकारों को सम्मान देने के साथ युवा एवं नवांकुर साहित्यकारों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करती रही है। इसी क्रम में इस वर्ष राजस्थान के साहित्यकारों के लिए लघुकथा प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी प्रकार




की आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है। प्रतिभागियों द्वारा भेजी जाने वाली लघुकथा 500 शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रतियोगिता में चयनित तीन श्रेष्ठ लघुकथाओं को पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि चयनित रचनाओं का प्रकाशन संस्था की वार्षिक स्मारिका में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां 31 जुलाई 2026 तक अमराई के अध्यक्ष के व्हाट्सएप नंबर 9414849845 पर भेजी जा सकती हैं। संस्था ने प्रदेश के अधिक से अधिक साहित्यकारों से प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देने का आह्वान किया है।

# मुंबई क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई: 28 साल तक फर्जी डॉक्टर बनकर लोगों को ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बनावटी पहचान पत्रों के सहारे करोड़ों रुपये के सीएसआर फंड घोटाले का आरोप, कई राज्यों तक फैला है नेटवर्क**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले 28 वर्षों से डॉक्टर बनकर लोगों को धोखा देने वाले एक फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर स्वयं को डॉक्टर बताकर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाए और अपने साथियों के साथ मिलकर सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड के माध्यम से करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

क्राइम ब्रांच की प्रकटीकरण शाखा को गुप्त सूचना मिली थी कि करीब 50 वर्षीय एक व्यक्ति डॉ. धर्मेंद्र कुमार के नाम से फर्जी पहचान बनाकर लंबे समय से लोगों को गुमराह कर रहा है। सूचना के आधार पर उसके फ्लैट पर छापेमारी की गई, जहां से



महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के व्यक्तियों और कंपनियों से संबंधित दस्तावेज, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फर्जी पहचान पत्र, पैन कार्ड, विजिटिंग कार्ड, विभिन्न संस्थाओं द्वारा जारी प्रमाण पत्र तथा चिकित्सा से जुड़ी सामग्री बरामद की गई।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी और उसके सहयोगियों ने पिछले तीन वर्षों में सीएसआर फंड के माध्यम से लगभग 10 करोड़ रुपये का कथित गबन किया है। जांच में यह भी सामने आया कि इस गिरोह का नेटवर्क एक से अधिक राज्यों तक फैला हुआ है, जिसके चलते मामले की व्यापक स्तर पर जांच की जा रही है।

आरोपी के विरुद्ध जुहू पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं, महाराष्ट्र मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एक्ट तथा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अदालत ने आरोपी को 16 जुलाई 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

मुंबई पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपी के अन्य साथियों, वित्तीय लेनदेन और विभिन्न राज्यों में फैले नेटवर्क की जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद इस कथित फर्जीवाड़े और सीएसआर फंड के दुरुपयोग से जुड़े अन्य तथ्यों का भी खुलासा किया जाएगा।

# सुरों के शहंशाहों के जन्मदिन पर सजी गीतों की महफि ल, सुर संगम ने दी संगीतमय श्रद्धांजलि

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर के प्रतिष्ठित सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप की ओर से आयोजित मासिक संगीतमय कार्यक्रम बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक मोहम्मद अजीज, अमित कुमार और सोनू निगम के जन्मदिन को समर्पित रहा। कार्यक्रम में तीनों गायकों के लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्हें संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

ग्रुप की संयोजिका वीनू वैष्णव ने बताया कि जुलाई माह में तीनों पार्श्वगायकों का जन्मदिन होने के अवसर पर उनके यादगार गीतों को प्रस्तुत कर उन्हें संगीतमय गुलदस्ता भेंट किया गया। कार्यक्रम संयोजक चन्द्र प्रकाश गन्धर्व ने कहा कि भारतीय फिल्म संगीत में इन गायकों का योगदान अविस्मरणीय है और उनके जन्मदिन पर उनके गीतों को याद करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।



करीब तीन घंटे तक चले कार्यक्रम में ग्रुप के 16 सदस्यों ने 32 सदाबहार गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीनू वैष्णव ने सरस्वती वंदना से किया। इसके बाद नयनेश दवे, चन्द्र प्रकाश गन्धर्व, हेमन्त सूर्यवंशी, पवन शर्मा, सुषमा वर्मा, ओम प्रकाश भट्ट, विनोद कल्याणा, अर्चना बैरागी, दिनेश थापा, कविता सांखला, बी.ए. चौहान, सुरेश श्रीवास्तव, एस.डी. कौशल, वीनू वैष्णव और ओम टांक ने एक से बढ़कर एक लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर माहौल को सुरमयी बना दिया। श्रोताओं ने सभी प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की।

इस अवसर पर ग्रुप के नए सदस्य अर्चना बैरागी एवं ओम टांक का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। वहीं उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए पवन शर्मा को बेस्ट सिंगर सम्मान से नवाजा गया। उन्हें वीनू वैष्णव और चन्द्र प्रकाश गन्धर्व ने उपरना एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सभी गीतों के ट्रैक एवं साउंड का संचालन वीनू वैष्णव ने किया। मंच संचालन विनोद कल्याणा तथा आभार चन्द्र प्रकाश गन्धर्व ने व्यक्त किया।

# खेरवाड़ा थाना पुलिस का विशेष अभियान: बिना हेलमेट चलने वालों पर कार्रवाई, सात मॉडिफाइड बाइक जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए खेरवाड़ा थाना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट जागरूकता अभियान के तहत विशेष कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए गए। अभियान के दौरान 13 कार्रवाई करते हुए 6 चालान बनाए गए तथा 7 मॉडिफाइड मोटरसाइकिलें जब्त की गईं।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल तथा वृत्ताधिकारी राजीव राहड़ के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी करणाराम जाट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 12 जुलाई को यह अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 6 चालकों के चालान बनाकर 6 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली 7 मॉडिफाइड बाइक मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने




वाले सवारों के लिए आईएसआई मार्क हेलमेट पहनना सुनिश्चित करना, सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में कमी लाना तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। इसके साथ ही हेलमेट, ओवरस्पीडिंग, लेन अनुशासन और अन्य यातायात नियमों की सख्ती से पालना भी सुनिश्चित की जा रही है।

खेरवाड़ा थाना पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सड़क सुरक्षा को लेकर इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### उदयपुर में आज से अंतरराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन, 400 प्रतिनिधि होंगे शामिल

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सिंधु एकता मंच के तत्वावधान में 13 से 16 जुलाई



तक पांचवां अंतरराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन होटल लोटस काउंटी में आयोजित होगा। सम्मेलन में देश-विदेश से करीब 400 प्रतिनिधि भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य सिंधी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना है।

सम्मेलन का शुभारंभ प्रभु झूलेलाल के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं बहराणा साहिब पूजन के साथ होगा। चार दिवसीय आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सिंधी परंपरा पर आधारित कार्यक्रम, छेज, ढोल-शहनाई और विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श आयोजित होंगे। 15 जुलाई को स्थानीय सिंधी समाज की ओर से सिंधु महल में प्रतिभागियों के सम्मान में स्वागत एवं प्रीतिभोज का आयोजन भी किया जाएगा।

### पांच दिवसीय मोटापा निवारण योग शिविर संपन्न, प्रतिभागियों का घटा वजन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार एवं



पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क मोटापा निवारण इंटीग्रेटेड योग शिविर का रविवार को समापन हुआ। शिविर में प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास के माध्यम से 1 से 1.5 किलोग्राम तक वजन कम किया। योग प्रशिक्षक अशोक जैन ने पावर योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। वहीं डॉ. शोभालाल औदीच्य ने आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने, फास्ट फूड और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों से बचने तथा नियमित योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया।

### योग शिविर में नरेश पूर्बिया का सम्मान, गौ हत्या प्रतिबंध के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पतंजलि योग परिवार की ओर से सेक्टर-9 स्थित



पालीवाल ब्राह्मण सेवा संस्थान में 38वां निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। योगाचार्य अशोक कनेरिया एवं नरेश चंद्र पालीवाल ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम कराया। योग शिविरों में विशेष योगदान के लिए भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी मोहन सिंह शक्तावत एवं गौ सेवक कैलाश राजपुरोहित ने नरेश पूर्बिया का सम्मान किया। शिविर में गौ हत्या पर प्रतिबंध की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। नरेश पूर्बिया ने बताया कि 39वां निःशुल्क योग शिविर 19 जुलाई को प्रातः 6 बजे नीमच माता मंदिर परिसर में आयोजित होगा।

### जयपुर में वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2025 के तहत रविवार को जयपुर जिले में दोनों पारियों की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। सामान्य ज्ञान की परीक्षा में 62,892 में से 35,774 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 35,277 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। दोनों पारियों में क्रमशः 56.88 प्रतिशत और 56.09 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। जिला कलेक्टर संदेश नायक के नेतृत्व में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला प्रशासन ने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सतत निगरानी रखी गई और परीक्षा शांतिपूर्ण रही।

### यूसीसी पर 14 जुलाई को वर्चुअल जनसुनवाई

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रस्तावित राजस्थान समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के प्रारूप पर आमजन के सुझाव प्राप्त करने के लिए 14 जुलाई को सुबह 9 से 11 बजे तक जिला परिषद के ईडीपी सभागार में वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

# गौरवशाली विरासत को समझकर नकारात्मक शक्तियों का करें जवाब : केंद्रीय मंत्री दुगार्दास उइके

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** केंद्रीय जनजाति कार्य राज्य मंत्री दुगार्दास उइके ने अपने उदयपुर प्रवास के दूसरे दिन सुखाड़िया विश्वविद्यालय के बप्पा रावल सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय जनजाति युवा कार्यशाला में भाग लेते हुए जनजातीय समाज से अपनी गौरवशाली विरासत को पहचानने और सामाजिक समरसता को प्रभावित करने वाली नकारात्मक शक्तियों का वैचारिक रूप से जवाब देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की जड़ें ऋग्वैदिक काल से जुड़ी हैं और भारत की सांस्कृतिक विरासत में उसका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ह्यविश्वास, विकास एवं जनजाति कल्याण के 12 वर्षह्न विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय विकास को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि जनजाति गौरव दिवस, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, पीएम श्री विद्यालय, धरती आबा योजना, पीएम जनमन योजना और संसदीय संकुल परियोजना जैसी योजनाओं से जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं और आजीविका के नए अवसर विकसित हुए हैं।

उन्होंने बताया कि धरती आबा योजना के लिए 80 हजार करोड़ रुपये तथा पीएम जनमन योजना के लिए 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे





जनजातीय क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि भारत की संस्कृति समावेशी रही है और परंपराओं का संरक्षण हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आदिवासी विरासत के संरक्षण के लिए डॉक्यूमेंट्री तैयार करवा रही है। साथ ही अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए





जयपुर और दिल्ली में विशेष कोचिंग उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि पिछले एक दशक में जनजातीय अस्मिता और जनजातीय नायकों को राष्ट्रीय पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि विकास और विरासत दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें, यही वर्तमान समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में टीआरआई निदेशक ओ.पी. जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, प्रबुद्धजन और युवा उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के बाद केंद्रीय मंत्री अशोक नगर स्थित टीआरआई सभागार पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेशभर के जनजातीय सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनके सुझाव और फीडबैक लिए। उन्होंने कहा कि सरकार जमीनी स्तर से प्राप्त सुझावों के आधार पर जनजातीय विकास की नीतियां तैयार कर रही है, ताकि विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके।

बैठक में पद्मश्री सम्मानित तगाराम भील ने बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई, जबकि पूर्व आईजी एवं गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति टी.सी. डामोर ने मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य और जनजातीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री दुगार्दास उइके ने टीआरआई परिसर में ह्यएक पेड़ मां के नामह्न एवं ह्यहरियालो राजस्थानह्न अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, सागवाड़ा विधायक शंकरलाल डेचा, टीआरआई निदेशक ओ.पी. जैन तथा विभिन्न जनजातीय संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विप्र फाउंडेशन ने 250 से अधिक प्रतिभाओं का किया सम्मान, सिविल सेवा में चयनित युवाओं ने साझा किए सफलता के सूत्र

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** विप्र फाउंडेशन एवं उसके शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ (जोन-1ए) के तत्वावधान में रविवार को प्रताप गौरव केंद्र, टाइगर हिल्स में भव्य विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह, आरएएस सम्मान समारोह एवं सिविल सेवा मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन हुआ। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 250 से अधिक प्रतिभाओं, प्रशासनिक सेवा में चयनित युवाओं एवं समाज की विशिष्ट विभूतियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली थे, जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी ने की। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम सिखवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतीश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पालीवाल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव गणेश नागदा ने बताया कि समारोह में वीर चक्र सम्मानित दुगार्शंकर पालीवाल, पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल, साहित्यकार गिरीश पालीवाल 'विद्रोही', भूपेंद्र श्रीमाली एवं फिल्मकार-शोधकर्ता लोकेश पालीवाल सहित कई विशिष्ट विभूतियों का सम्मान किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पालीवाल ने बताया कि अकाउंट्स, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, नर्सिंग, अध्यापन, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, पीएचडी, खेल, शोध एवं शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले 250 से अधिक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं पेशेवरों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मान मिला।

समारोह में आरएएस एवं अन्य प्रशासनिक सेवाओं में चयनित निर्मला मेनारिया, भरत जोशी, रवि शर्मा, नीरज शर्मा, भारती शर्मा, संजना शर्मा, विकास पाराशर,





जिज्ञासा शर्मा, आकांक्षा व्यास, गोविंद सुखवाल, आदित्य शर्मा, सुलेखा शर्मा, दीपक व्यास, अनुपम शर्मा, कृष्ण कुमार तिवारी, राजश्री पारीक एवं तहसीलदार हितेश त्रिवेदी का विशेष अभिनंदन किया गया। साथ ही मीडिया एवं पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले गोपाल मेहता मेनारिया, रमेश नागदा, प्रकाश शर्मा सहित अन्य पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

सिविल सेवा मार्गदर्शन सेमिनार में चयनित अधिकारियों ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए सफलता के लिए अनुशासित अध्ययन, निरंतर मेहनत और सही मार्गदर्शन को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने समाज के युवाओं को हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन देने का संकल्प भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, महाराणा प्रताप एवं भगवान परशुराम की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड दल ने अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। आयोजन समिति ने अतिथियों का शॉल, उपरणा, स्मृति-चिह्न एवं महाराणा प्रताप की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया।





मुख्य आयोजक एवं शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. एच.आर. दवे ने स्वागत उद्बोधन में शिक्षा प्रकोष्ठ की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क कक्षाएं एवं करियर काउंसलिंग शुरू करने की घोषणा की।

मुख्य अतिथि सत्यनारायण श्रीमाली ने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में चयनित युवाओं पर समाज और राष्ट्र के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को उच्च प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षा प्रकोष्ठ की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सीईओ ललित नारायण आमेटा की पुस्तक ह्ययुवाओं का सर्वोच्च विकास-दर्पणह्न का भी विमोचन किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी ने युवाओं से लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम और सही समय पर उचित मार्गदर्शन लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पालीवाल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# अंबामाता थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: जानलेवा हमले के मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** अंबामाता थाना पुलिस ने युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद किया है, जबकि मामले में फरार एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 10 जुलाई को अंबामाता थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया गया कि प्रार्थी का रिश्तेदार विनोद सुबह करीब 9 बजे मल्लातलाई स्थित अपनी दुकान पर जा रहा था। इसी दौरान एकलव्य कॉलोनी निवासी हितेश रावत एवं उसके साथियों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की और धारदार चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को तत्काल महाराणा भूपाल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा तथा वृत्ताधिकारी (पश्चिम) राजेश यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी दलपत सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने आपसी लेन-देन के विवाद को लेकर हमला करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हितेश रावत (21) तथा उसके सगे भाई निखिल रावत (22), दोनों निवासी एकलव्य कॉलोनी, थाना अंबामाता, जिला उदयपुर के रूप में हुई है। मामले में फरार आरोपी हिमांशु रावत की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# आज से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन चक्का जाम, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश संघर्ष समिति के आह्वान पर सोमवार से राजस्थानभर में अनिश्चितकालीन चक्का जाम हड़ताल शुरू हो गई। ट्रांसपोर्टरों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

हड़ताल के समर्थन में डबोक स्थित एच.बी. रोडलाइन्स कार्यालय में दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन एवं उदयपुर गुड्स ऑर्गनाइजेशन की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों, ट्रक मालिकों एवं पदाधिकारियों ने भाग लेकर आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि श्छळऊ ऋ्रर की अनिवार्यता, परमिट, वाहन फिटनेस, ऑनलाइन चालान व्यवस्था तथा लगातार बढ़ते परिचालन खर्च के कारण ट्रांसपोर्ट उद्योग गंभीर संकट से गुजर रहा है। सरकार को बार-बार अवगत कराने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से प्रदेशभर के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों में भारी नाराजगी है।

दी उदयपुर ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत और राजस्थान ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं उदयपुर गुड्स ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष भगवान सिंह भाटी ने कहा कि ट्रांसपोर्ट उद्योग देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। परिवहन क्षेत्र से जुड़े किसी भी निर्णय से पहले सरकार को ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन मालिकों से व्यापक संवाद करना चाहिए। बिना व्यावहारिक विचार-विमर्श के लागू किए गए नियमों का सीधा असर व्यापार, उद्योग और आमजन पर पड़ता है।

महामंत्री मनोहर सिंह राठौड़ ने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक रहेगा, लेकिन ट्रांसपोर्ट समाज अपने अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगा।

प्रवक्ता हेमेन्द्र सिंह दवाणा ने बताया कि प्रदेश संघर्ष समिति के नेतृत्व में शुरू हुए इस आंदोलन को विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि यदि सरकार ने प्रमुख मांगों पर निर्णय नहीं लिया तो मजदूर संगठनों का भी सहयोग आंदोलन को मिलेगा। उन्होंने सरकार से जनहित एवं राष्ट्रहित में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल सुथार ने बताया कि बैठक में आंदोलन की रणनीति, जिम्मेदारियों के वितरण और प्रदेशभर में समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट उद्योग से जुड़े लाखों परिवारों की आजीविका और भविष्य की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 217 लोगों की आंखों की जांच, 29 मोतियाबिंद मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र स्थित प्रभु वरदान भवन में बीके डॉ. गीता बहन एवं बीके शैल बहन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 139वें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं केक काटकर किया गया। इस अवसर पर दोनों बहनों का ताज, तिलक एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। बीके राधा बहन ने फाऊलाल बालौत की रचित कविता प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। जन्मदिवस पर हस्तनिर्मित शुभकामना कार्ड भी भेंट किए गए तथा उपस्थित सभी लोगों को टोली एवं केक वितरित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि बीके डॉ. गीता बहन तथा अध्यक्षता बीके शैल बहन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, गुमानसिंह राव, लक्ष्मण भजवाड़ एवं फाऊलाल बालौत उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में बीके डॉ. गीता बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्थान की सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान के माध्यम से अब तक लगभग 11,400 निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन कराए जा चुके हैं। उन्होंने सभी से प्रतिवर्ष जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ पर एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सेवा के साथ-साथ समय-समय पर धार्मिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता का कार्य भी कर रहा है। शिविर में ग्लोबल अस्पताल, तलहटी आबूरोड से डॉ. यश एवं डॉ. वंशिका के नेतृत्व में पहुंची चिकित्सा टीम ने 217 लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 29 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। मरीजों को आवश्यक दवाइयां एवं चश्मे भी वितरित किए गए। चयनित मरीजों को निःशुल्क बस से ग्लोबल नेत्र अस्पताल, तलहटी आबूरोड भेजा गया, जहां उनके निःशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन बीके नारायण भाई ने किया। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर केवलभाई, नरेंद्रभाई देवासी, अर्जुनभाई, कालुभाई, गणेशभाई, दिनेशपुरी, बीके राधा बहन, रिंकु बहन पावटी, उगम बहन भरुड़ी, कुमुद माता, रानी माता, अन्तरी माता, पोसु माता, देवु माता रामसीन सहित बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया। बीके कीर्ति बहन एवं बीके शारदा माता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



# नेहा ने खोला शादी का राज

## परिवार ने सिर्फ 20 मिनट की मुलाकात में दे दी थी रजामंदी

**नेहा कक्कड़ ने खुलासा किया कि उनके परिवार ने रोहनप्रीत सिंह से सिर्फ 15-20 मिनट की मुलाकात के बाद ही शादी के लिए हां कर दी थी। नेहा ने अपनी लव स्टोरी को किस्मत का खेल बताया।**



बॉलीवुड की मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह की लव स्टोरी अक्सर चर्चा में रहती है। अब नेहा ने अपनी शादी से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता और भाई टोनी कक्कड़ ने रोहनप्रीत से सिर्फ 15-20 मिनट की मुलाकात के बाद ही शादी के लिए हां कर दी थी। जिसके बाद दोनों ने शादी कर ली।

### 'भाई को बताया दिल का हाल'

आने वाले शो 'तुम हो ना- घर की सुपरस्टार' में होस्ट राजीव खंडेलवाल से बातचीत के दौरान नेहा ने बताया कि जब उन्हें रोहनप्रीत पसंद आने लगे तो उन्होंने सबसे पहले यह बात अपने भाई टोनी कक्कड़ को बताई। इसके बाद पूरा परिवार पंजाब जाकर रोहनप्रीत से मिला।

### 'शादी करनी है तो रोहन से ही करो'

नेहा ने बताया कि उनके माता-पिता और भाई ने रोहनप्रीत से अलग कमरे में करीब 15-20 मिनट बात की। बाहर आते ही तीनों ने एक ही बात कही कि अगर शादी करनी है तो सिर्फ रोहन से ही करो। नेहा के मुताबिक, परिवार की तरफ से बिना किसी संदेह के रिश्ता मंजूर था। नेहा ने कहा कि सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि उन्हें खुद भी लगा जैसे यह सब पहले से लिखा हुआ था। कई लोगों को यह फैसला जल्दबाजी लग सकता था, लेकिन उन्हें महसूस हुआ कि किस्मत उन्हें उसी दिशा में ले जा रही थी

### फिर चर्चा में आया पुराना विवाद

बता दें कि शिल्पा शिंदे ने 2016 में शो छोड़ने के बाद निर्माताओं के साथ गंभीर विवाद किया था। उनके बाहर होने के बाद शुभांगी अत्रे ने अंगूरी भाभी का किरदार संभाला और लंबे समय से इस भूमिका में नजर आ रही हैं। शिल्पा के हालिया खुलासे के बाद यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है, जिस पर शुभांगी ने बैलेंस रिएक्शन दिया।



# एक्ट्रेस स्वाति रेड्डी ने डायरेक्टर श्रीकांत नागोथी से रचाई शादी

**तेलुगु** एक्ट्रेस 'कलर्स स्वाति' रेड्डी ने 'मंथ ऑफ मधु' के डायरेक्टर श्रीकांत नागोथी से शादी कर ली है। कपल ने 8 जुलाई, 2026 को एक निजी समारोह में सात फेरे लिए और सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कर फैंस को यह खुशखबरी दी। तेलुगु एक्ट्रेस स्वाति रेड्डी, जिन्हें कलर्स स्वाति के नाम से जाना जाता है, ने अपनी पर्सनल लाइफ में एक नए चैप्टर की शुरुआत की है। एक्ट्रेस ने 'मंथ ऑफ मधु' के डायरेक्टर श्रीकांत नागोथी से एक निजी शादी समारोह में शादी कर ली है। कपल ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस के साथ यह खबर शेयर की। स्वाति और श्रीकांत ने बताया कि उन्होंने 8 जुलाई, 2026 को शादी की। सेरेमनी से तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने बस इतना लिखा, 'शादी हो गई। 08-07-2026।' तस्वीरों में कपल को पारंपरिक शादी की रस्में निभाते हुए देखा गया, जिसमें एक होमम और पूजा भी शामिल थी।

### सादे समारोह में हुई शादी

यह सेरेमनी घर पर ही रखी गई थी, जो एक सादा और निजी फंक्शन लग रहा था, जिसमें केवल करीबी परिवार के सदस्य और प्रियजन ही शामिल हुए। शादी के लिए स्वाति ने हरे बॉर्डर वाली एक सिंपल सफेद साड़ी चुनी, जिसे मैचिंग ब्लाउज के साथ पेयर किया गया था। उन्होंने अपना ब्राइडल लुक मिनिमल रखा और इसे फूलों की माला से पूरा किया। श्रीकांत ने पारंपरिक सफेद एथनिक आउटफिट पहना था जो सेरेमनी की सिंपल थीम से मेल खाता था।

### इंडस्ट्री के दोस्तों ने दी बधाई

जैसे ही कपल ने अपनी शादी की घोषणा की, फिल्म इंडस्ट्री के दोस्तों और सहकर्मियों ने कमेंट सेक्शन में बधाई संदेशों की बाढ़ ला दी। स्वाति के 'मंथ ऑफ मधु' के को-स्टार नवीन चंद्रा ने नए शादीशुदा जोड़े को शुभकामनाएं दीं, जबकि फिल्ममेकर नंदिनी रेड्डी, एक्टर श्रेया धनवंतरी, बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा और कॉमेडियन राजा शेखर मामिडाना ने भी अपनी शुभकामनाएं भेजीं। स्वाति तेलुगु और तमिल फिल्मों और टेलीविजन में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, जबकि श्रीकांत नागोथी ने 'मंथ ऑफ मधु' का निर्देशन किया था, वह फिल्म जिसने दोनों को प्रोफेशनली एक साथ लाया।

## फैंस का इंतजार हुआ खत्म

# विजय की 'जन नायकन' सेंसर बोर्ड से पास



विजय थलापति की फिल्म 'जन नायकन' को जनवरी महीने में रिलीज होना था। लेकिन इस फिल्म के साथ कई विवाद जुड़ गए, फिल्म सेंसर बोर्ड में अटकी रही, साथ ही कोर्ट के चक्कर भी मेकर्स ने काटे। अब विजय के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। फिल्म को सेंसर ने पास कर दिया है।

### फिल्म को मिली 'ए' रेटिंग

फिल्म 'जना नायकन' को सेंसर बोर्ड से 'ए' रेटिंग के साथ पास किया है। सेंसर से पास होने के बाद फिल्म की अवधि अब 3 घंटे 3 मिनट है।

### कब रिलीज हो सकती है फिल्म?

गुरुवार को एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर कनाडा के डिस्ट्रीब्यूटर योर्क सिनेमाज ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार, हमारे अपने थलापति विजय 'जन नायकन' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। कनाडा में यॉर्क सिनेमाज द्वारा यह फिल्म रिलीज की जाएगी। 24 जुलाई से सिनेमाघरों में फिल्म 'जन नायकन' धूम मचाएगी। एक शानदार थिएटर अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। हालांकि फिल्म के मेकर्स ने अभी तक रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

# पुष्कर जोग ने यूके में अपनी नई हिंदी फिल्म 'अंतराल' की शूटिंग शुरू की



मुंबई एक्टर पुष्कर जोग इन दिनों अपनी आने वाली हिंदी फिल्म 'अंतराल' की शूटिंग के लिए यूनाइटेड किंगडम में हैं, और इस बार कहानी में है प्यार भी... और खतरा भी। पुष्कर ने सोशल मीडिया पर सेट से क्लैपबोर्ड की एक झलक शेयर करते हुए इस नए सफर की शुरुआत की अनाउंसमेंट की। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा, 'यूनाइटेड किंगडम में सेट अपनी अगली हिंदी हॉरर रोमांटिक ड्रामा फिल्म की घोषणा करते हुए उत्साहित हूं। यह एक ब्रिटिश इंडियन क्रॉसओवर फीचर फिल्म 'अंतराल' है, जिसमें मैं और @anisaaniiam हैं।' इस फिल्म में पुष्कर जोग के साथ अनीसा बट नजर आएंगी। फिल्म को गूजबंप्स एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है, जबकि इसे ब्रिटिश इंडियन फिल्ममेकर तेजा सलादी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी निखिल रानाडे संभाल रहे हैं। भारतीय सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचाने जाने वाले पुष्कर हमेशा ऐसे किरदार चुनते हैं जो उन्हें रचनात्मक रूप से चुनौती दें, और 'अंतराल' भी उसी कड़ी की एक दिलचस्प नई पेशकश है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'जीरो वेस्ट सिटी' मिशन को मिली रफ्तार: 310 करोड़ रुपये से बदलेगी राजस्थान के शहरों की तस्वीर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार प्रदेश के शहरों को स्वच्छ, पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य के 152 नगरीय निकायों में लगभग 75 लाख घनमीटर पुराने कचरे (लीगेसी वेस्ट) के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए 310 करोड़ रुपये से अधिक की महत्वाकांक्षी परियोजना क्रियान्वित की जा रही है। यह पहल 'जीरो वेस्ट सिटी' के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

परियोजना के तहत वर्षों से जमा पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने के साथ ही इन स्थानों पर आधुनिक वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इससे भविष्य में नए कचरा डंपिंग स्थलों की आवश्यकता कम होगी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होगी तथा शहरों के स्वच्छ और सुव्यवस्थित विकास को नई गति मिलेगी। राज्य सरकार के अनुसार अब तक 30 नगरीय निकायों में 24 लाख घनमीटर से अधिक लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए कायार्देश जारी किए जा चुके हैं। वहीं 40 नगरीय निकायों में 35 लाख घनमीटर से अधिक कचरे के निस्तारण के लिए निविदाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं। इसके अलावा 82 नगरीय निकायों में लगभग 16 लाख घनमीटर पुराने कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी है।

यह अभियान केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के अंतर्गत संचालित 'जीरो वेस्ट सिटी' लक्ष्य और डंपसाइट रेमेडिएशन एक्सेलेरेटर कार्यक्रम के अनुरूप चलाया जा रहा है। राजस्थान में नवंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच लगभग 24 लाख घनमीटर लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक निस्तारण किया जा चुका है।

परियोजना के तहत पुराने कचरे का बायोमाइनिंग तकनीक से प्रसंस्करण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर पुनः उपयोग योग्य सामग्री निकाली जाती है। मिट्टी जैसी सामग्री का उपयोग सड़क निर्माण में, प्लास्टिक और धातुओं का पुनर्चक्रण किया जाता है, जबकि ज्वलनशील पदार्थों से रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल (आरडीएफ) तैयार कर सीमेंट उद्योग और ऊर्जा उत्पादन में उपयोग किया जाता है। इससे वर्षों से चली आ रही कचरा निस्तारण की समस्या का वैज्ञानिक समाधान होने के साथ प्राकृतिक संसाधनों के पुनः उपयोग को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां तेज, आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल।** ब्राह्मण स्वर्णकार समाज के दशम गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों के तहत सुंधापर्वत स्थित सोनी समाज भवन में आमंत्रण पत्रिका का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर समाज के संतों, पदाधिकारियों एवं सैकड़ों समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

ब्राह्मण स्वर्णकार युवा संगठन के जिलाध्यक्ष रमेश सोनी पुनासा ने बताया कि समाज का भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को अणदाराम धाम, मोदरान में आयोजित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन करते हुए आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत दिन में प्रतिभा सम्मान समारोह तथा रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। इस वर्ष समाज की 350 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। कक्षा 5 से 12वीं तक प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल, टेबलेट, स्कूल बैग, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए जाएंगे। अन्य चयनित प्रतिभाओं को भी स्कूल बैग, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में समाज की बालिकाओं द्वारा समूह एवं एकल नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में भजन गायिका अनिता जांगिड़, सुरेश लोहार एवं उषा गोस्वामी अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जबकि अन्य कलाकारों द्वारा आकर्षक धार्मिक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इस अवसर पर आयोजित समाज की विशेष बैठक में सुंधापर्वत स्थित सोनी समाज भवन परिसर में भामाशाह भूरचंद सोनी नोहरा द्वारा निर्मित तीन नए कमरों का लोकार्पण भी किया गया। साथ ही निर्माण कार्य एवं सामाजिक सहयोग के लिए भूरचंद नोहरा परिवार का अभिनंदन-पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महंत प्रेमभारती महाराज, चामुंडा माताजी ट्रस्ट के ट्रस्टीगण, सोनी समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष देवीचंद मेगलवा, अशोक कुमार, बाबूलाल डीसा सहित समाज के वरिष्ठजन, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सैकड़ों समाजबंधु उपस्थित रहे। अंत में कान्तिलाल डीसा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# डूंगरपुर में वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा का निरीक्षण, दोनों पारियों में 70 प्रतिशत से अधिक रही उपस्थिति

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की वरिष्ठ अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के दौरान परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रकाश चंद्र रैगर ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं सतर्कता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक परीक्षार्थी के दस्तावेजों में विवरण में भिन्नता पाए जाने पर आयोग के निदेर्शानुसार पुलिस से पहचान का सत्यापन कराया गया। वास्तविक पहचान की पुष्टि होने के बाद वचन-पत्र लेकर परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गई। प्रथम पारी में 5,576 में से 3,922 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और उपस्थिति 70.33 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं द्वितीय पारी में 3,906 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 70.05 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

# वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2025 के तहत रविवार को जिले में दोनों पारियों की परीक्षा शांतिपूर्ण से संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह ने बताया कि दोनो पारी में 48,149 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 29,593 उपस्थित रहे और 61.76 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

# स्व. जामताराम बिश्नोई की स्मृति में अमृतादेवी उद्यान में 151 पौधों का रोपण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल।** अमृतादेवी उद्यान, जैलातरा में भूतपूर्व सरपंच स्व. जामताराम बिश्नोई की स्मृति में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फुलमुक्तेश्वर महादेव मठ होतीगांव के स्वामी वसनपुरी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में 151 पौधे लगाए गए। इनमें बेलपत्र, पीपल, नीम, खेजड़ी, वटवृक्ष सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे शामिल रहे। कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री प्रकाश जांगू एवं अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश जांभाणी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाजजन उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।